जर्मन जूता कंपनी आई आगरा तो महिंद्रा बोले, 'विकास की अच्छी बाढ़ का संकेत'

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। महिंद्रा समूह के मुखिया प्रतिष्ठित उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने उत्तर प्रदेश को 'उद्यम प्रदेश' बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल के बीच जर्मन कंपनी के आगरा में निवेश को लेकर बड़ी उम्मीदें जताई हैं।

बीते दिनों जर्मनी की फुटवियर कंपनी वॉन वेलेक्स ने चीन से अपना कारोबार समेटकर उत्तर प्रदेश के आगरा में नई यूनिट शुरू की है। महिंद्रा ने इससे संबंधित समाचार को शेयर करते हुए ट्विटर पर लिखा- जर्मन कंपनी का चीन से आगरा आना, ताजे पानी की छोटी-छोटी बूंदों जैसा है। धीरे-धीरे ये बूंदें पतली धार का रूप लेंगी और फिर एक तेज धार वाले विकास के रूप से होते हुए बाढ़ में परिवर्तित होंगी। निवेश और विकास की इस 'अच्छी बाढ़' को ऐसे ही आने देना चाहिए। इन्वेस्ट इंडिया इस काम में उत्प्रेरक हो सकता है।

आगरा में वॉन वेलेक्स की दो इकाइयां शुरू होने से 2000 लोगों को मिला है रोजगार

महिंद्रा के इस ट्वीट पर देश-विदेश से तमाम लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस महामारी के बीच जर्मनी की फुटवियर कंपनी वॉन वेलेक्स ने आगरा में जूता बनाने की दो इकाइयां शुरू की हैं। इनमें 2000 लोगों को रोजगार मिला है। कंपनी ने प्रदेश में तीन परियोजनाएं स्थापित कर लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश का एलान किया है।